# शिक्षा और सहकारिता के समन्वय से राष्ट्र निर्माण को गति मिलती है : ओम बिरला

■ शिक्षक विद्यार्थियों के चरित्र, व्यक्तित्व और दृष्टि को आकार देने वाले मार्गदर्शक

**कोटा,** (निसं)। शिक्षा विभाग कर्मचारीगण सहकारी समिति 696वें कोटा-बारां की वार्षिक साधारण आमसभा में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शिक्षकों की समाज निर्माण में भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा और सहकारिता के समन्वय से राष्ट्र-निर्माण को गति मिलती है। वसुधैव कुटुम्बकम् की भावना के अनुरूप सहकारिता आंदोलन ने विश्वभर में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की दिशा में क्रांतिकारी बदलाव लाया है। इस आंदोलन में शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है, क्योंकि वे व्यक्तित्व निर्माण, चरित्र निर्माण और राष्ट्र निर्माण के आधार होते हैं।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं होते, बल्कि वे विद्यार्थियों के चरित्र, व्यक्तित्व और दृष्टि को आकार देने वाले मार्गदर्शक होते हैं। तमाम चुनौतियों के बावजूद शिक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं, ताकि उनके शिष्य देश और दुनिया में नाम रोशन करें। उन्होंने महिला शिक्षकों की संवेदनशीलता और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि वे परिवार और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के साथ शिक्षा के पुनीत कार्य को भी निभाती हैं।

बिरला ने कहा कि सहकारिता आंदोलन ने वैश्विक स्तर पर 175 से अधिक देशों में सामाजिक और आर्थिक बदलाव लाया है। भारत में सहकारी समितियों ने मजदूरों और किसानों को सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध कराकर उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन किए हैं। एक समय था जब किसान जीवनभर सूदखोरों के ऋण के बोझ तले दबा रहता था, लेकिन सहकारिता आंदोलन ने इस व्यवस्था को बदलकर आत्मनिर्भरता का मार्ग प्रशस्त किया है।

लोकसभा अध्यक्ष ने आह्वान किया कि सहकारी समितियों के माध्यम से शिक्षक न केवल अपने परिवारों का आर्थिक सशक्तिकरण करें, बल्कि समाज में भी व्यापक प्रभाव डालने के लिए संगठित प्रयास करें। उन्होंने कहा कि जिस दिन हर शिक्षक अपनी भूमिका को केवल सरकारी नौकरी न मानकर राष्ट्र सेवा का कार्य समझेगा, उस दिन भारत विश्वगुरु बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर होगा।

उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे कोटा-बूंदी के विद्यालयों को सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ें और आने वाली पीढ़ी को ज्ञान, संस्कार और स्वाभिमान के साथ राष्ट्र निर्माण के लिए तैयार करें।

**प्रज्ञा सागर महाराज का लिया आशीर्वाद:-** आज कोटा में परम पूज्य प्रज्ञा सागर महाराज के दीक्षा-दिवस की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुदेव का तपस्वी जीवन संयम, त्याग और मानव कल्याण की प्रेरणा देता है। उनके दिव्य विचार जीवन को नई दिशा प्रदान करते हैं। भगवान महावीर स्वामी के अहिंसा, संयम और क्षमा के सिद्धांत आज भी दुनिया को शांति और सद्भाव का मार्ग दिखा रहे हैं। गुरुदेव के आशीर्वाद से हाड़ौती में पर्यावरण संरक्षण महाअभियान की प्रेरणा के साथ हम आने वाली पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुद्ध पर्यावरण के संकल्प को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

**नव-दंपतियों को दिया आशीर्वाद:-** स्पीकर बिरला सर्व कोली समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन व भामाशाह सम्मान समारोह में सम्मिलित हुए। आदर्श महात्मा बुद्ध कोली उत्थान समिति द्वारा टीचर्स कॉलोनी में श्री राधा-कृष्ण मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बिरला ने कहा कि सामूहिक विवाह सम्मेलन सामाजिक समरसता, संसाधनों के संयमित उपयोग और समाजहित के भाव को प्रोत्साहित करने की एक अनूठी पहल है। इस पुनीत आयोजन में सहभागी हर व्यक्ति बधाई के पात्र हैं।



शिक्षा विभाग कर्मचारीगण सहकारी समिति 696वें कोटा-बारां की वार्षिक साधारण आमसभा का लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने संबोधित किया।

# तेरहवां नि:शुल्क सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन भव्यता के साथ संपन्न

**कोटा,** (निसं)। इनरव्हील ज्योत्सना सोसाईटी कोटा एवं इनरव्हील क्लब ऑफ कोटा के तत्वावधान में तेरहवां निशुल्क सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। अध्यक्ष चारू जैन ने बताया कि इस पावन अवसर पर 30 नवविवाहित जोड़ों का विवाह वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला उपस्थित रहे। प्रांत 305 की प्रांतीय अध्यक्ष स्वाति गुप्ता कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रही।

बिरला ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में ऐसे आयोजन न केवल सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं, बल्कि जरूरतमंद परिवारों के लिए वरदान साबित होते हैं। उन्होंने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय दांपत्य जीवन की मंगलकामना की। संस्थान की अध्यक्ष चारू जैन एवं सचिव डॉ.नीता जैन ने बताया कि संस्था द्वारा वर्षों से यह पुनीत कार्य किया जा रहा है, जिससे समाज में एक मिसाल कायम हो रही है। प्रोजेक्ट चेयरमैन पूनम गोयल एवं किरण अग्रवाल ने बताया कि इस आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और नवविवाहित जोड़ों को अपनी शुभाशीष प्रदान की। कार्यक्रम संयोजक निशा जैन, डॉ.आरती गर्ग, रेनू पालीवाल, जयश्री जोलिया, नीरजा कोहली, अंजली शर्मा, मीनू परियानी, सावित्री खण्डेलवाल, अंजली अग्रवाल, सुषमा जैन ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन सुनीता जोली व अर्चना अग्रवाल ने किया। पीडीसी पुष्पा गुप्ता व अनिता गर्ग भी कार्यक्रम थी।

सचिव डॉ.नीता जैन ने बताया कि समिति द्वारा सभी नवविवाहित जोड़ों को कन्यादान स्वरूप बहुमूल्य उपहार भेंट किए गए। इनमें सोने की लौंग, चांदी की पायल एवं बिछिया, अंगूठियां, मंगलसूत्र, ज्वैलरी सेट, लहंगा, सफारी सूट, अलमारी, पलंग, सात जोड़ी कपड़े, बर्तन और घरेलू उपकरण शामिल थे। प्रत्येक जोड़े को नए जीवन की शुरुआत के लिए कुल 101 दैनिक उपयोग की वस्तुएं प्रदान की गईं। निशा जैन व निरजा कोहली ने बताया कि समारोह की शुरुआत सुबह 9 बजे शीतला माता मंदिर, न्यू कॉलोनी से बारात निकासी के साथ हुई। इसके बाद रोटरी बिनानी सभागार में दूल्हों का पारंपरिक स्वागत किया गया। दोपहर 11.30 बजे वरमाला कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके पश्चात दोपहर 12 बजे सभी जोड़ों का पाणिग्रहण संस्कार सामूहिक रूप से संपन्न हुआ। विवाह के उपरांत सभी जोड़ों को विवाह प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। नीरजा कोहली ने बताया की बारां, झालवाड़, ककरवादा, पीपल्दा, इटावा, अंता, केशवरायपाटन, लाड़पुरा, आंवली रोजड़ी, दिगोद, टोंक, बूंदी से आए जोड़े शामिल हुए। सभी वर-वधुओं ने पारंपरिक हिन्दू रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संपन्न किया। आभार डॉ.नीता जैन ने प्रेषित किया।



कोटा में नि:शुल्क सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न हुआ।

# भाविप व सेवा संस्थान की कार्यकारिणी के चुनाव सम्पन्न

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे के स्टेशन रोड स्थित भारत विकास परिषद कार्यालय पर कार्यकारिणी के चुनाव संपन्न करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष कमलेश सोनी ने की।

चुनाव संपन्न कराने के लिए चुनाव अधिकारी के रूप में प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र नागर, मुख्य चुनाव अधिकारी के रूप में धीरज बाठला जिला प्रभारी भाविप तथा विकास सोनी सचिव छीपाबड़ौद शाखा मौजूद रहे।

अध्यक्ष कमलेश सोनी द्वारा अध्यक्ष पद के लिए ओमप्रकाश मालव का नाम प्रस्तावित किया। जिस पर अशोक भार्गव द्वारा इस प्रस्ताव का समर्थन किया गया। इसके बाद वर्तमान सचिव दीपक मेहता द्वारा सचिव पद के लिए ओमप्रकाश गोचर का नाम प्रस्तावित किया।

इस पर चंद्र प्रकाश गुप्ता द्वारा इस पर सहमति जताई गई और सभी ने तालियां बजाकर अनुमोदन किया। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष के लिए वर्तमान कोषाध्यक्ष हरिओम नागर ने सुनील भार्गव का नाम प्रस्ताव में रखा। सभी ने तालियां बजाकर इसको सहर्ष स्वीकार कर लिया। परिशद सेवा संस्थान के चुनाव भी सम्पन्न हुए। जिसमें अशोक भार्गव द्वारा अध्यक्ष पद पर बनवारी माहेश्वरी का नाम प्रस्तावित किया। इस पर ललित अग्रवाल ने समर्थन में सहमति जताई।

सचिव पद पर चंद्र प्रकाश गुप्ता का नाम प्रस्तावित हुआ। जिसे अनिल माहेश्वरी ने सहमति जताई तथा सभी ने इसका अनुमोदन किया। कोषाध्यक्ष मनोज गोलेछा को बनाया गया।

प्रांतीय उपाध्यक्ष नागर ने सभी को पद की कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई। यहां ललित अग्रवाल, अशोक भार्गव, मनोज गर्ग, राजेंद्र माहेश्वरी, अनिल माहेश्वरी, आनंद जांगिड, प्रदीप अग्रवाल, भगवान सिंह मेहता, बृजेश विजयवर्गीय, योगेंद्र मित्तल, अरविंद गालव, रवि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण की स्वीकृति मिलने पर लोकसभा अध्यक्ष एवं ऊर्जा मंत्री का स्वागत

**कोटा,** (निसं)। जिले के सांगोद क्षेत्र के मोईकलां से जोलपा तक साढ़े 6 किलोमीटर सड़क के लिए साढ़े 5 करोड़ की राशि स्वीकृत होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का स्वागत कर आभार जताया। मोईकलां सरपंच प्रदीप मेरोठा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोटा केम्प कार्यालय एवं ऊर्जा मंत्री कार्यालय पहुँच कर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर का जोरदार स्वागत कर सड़क निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान करवाने पर उनका आभार प्रकट किया गया। इस मौके पर लोकसभा अध्यक्ष ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को विश्वास दिलाया कि पूरे इलाके में विकास कार्यों में कोई कमी नही आएगी। ऊर्जा मंत्री ने मोईकलां के शेष रोड़ों को भी बनवाने का भरोसा दिलवाया। मोईकलां के ग्रामीण सरपंच प्रदीप मेरोठा की अगुवाई में गिरिराज सोनी, पूर्व सरपंच बाबूलाल मेरोठा, ओमप्रकाश गर्ग, कृष्ण मुरारी जोशी, हरिप्रसाद नागर, रासबिहारी यादव, जगदीश सोनी, सत्यनारायण मेरोठा, महावीर सुमन, मेघराज गुर्जर, कृष्ण गोपाल नागर, प्रेम नागर, योगेंद्र नागर, सुरेंद्र यादव, बबलू मेवाती, निसार मेवाती, शिवराम सुमन, दिनेश सिंघल, ओम प्रकाश सुमन, रमेश बैरागी आदि ने कोटा पहुंचकर आभार, धन्यवाद ज्ञापित किया।



कोटा में भाजपा कर्यकर्ताओं ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का अभिनंदन किया।

# अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय टारगेट बाल प्रतियोगिता आज से

**कोटा,** (निसं)। अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय टारगेट बाल प्रतियोगिता का जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय रानपुर के ऑलम्पियन जयपाल सिंह मुण्डा स्टेडियम में शुभारम्भ होगा। कोटा के सम्भागीय आयुक्त राजेन्द्र सिंह शेखावत होंगें मुख्य अतिथि, कोटा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.अभय कुमार व्यास होगे विशिष्ट अतिथि। जय मीनेश विश्वविद्यालय के चेअरपर्सन आर.डी. मीणा होगे समारोह के अध्यक्षता करेगे। मोशन एजूकेशन के निदेशक नितिन विजय, कोटा मेडिकल कॉलेज की प्राचार्या डॉ. संगीता सक्सेना, संयुक्त निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, कोटा तेज कॅवर व निजी विश्वविद्यालय संघ कोटा के अध्यक्ष विशाल जोशी भी होगे विशिष्ट अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय टारगेट बाल फेडरेशन के अध्यक्ष व प्रतियोगिता के तकनीकी ड्रॉ सोनू शर्मा भी उपस्थित रहेंगे।

आज के मुकाबले-प्रतियोगिता के पहले दिन सोमवार को तमिलनाडु फिजिकल एजूकेशन एवं स्पोर्टस विश्वविद्यालय, चेन्नई व गीतम विश्वविद्यालय, विशाखापट्टनम, आन्ध्र प्रदेश के बीच होगा पुरुष वर्ग का उद्घाटन मुकाबला। लखनऊ विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश व श्याम विश्वविद्यालय दोसा के बीच होगा महिला वर्ग का प्रथम मुकाबला।

3 मार्च से 6 मार्च के मध्य आयोजित अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय टारगेट बाल प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन किया जा रहा है। यह द्वितीय अवसर है जबकि भारतीय विश्वविद्यालय संघ द्वारा इस टारगेट बाल प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा है जबकि महिला वर्ग अन्तर्गत यह प्रथम अवसर है इस टारगेट बाल प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय स्तर पर किया जा रहा हैं।

इस प्रतियोगिता में देश के 15 से अधिक राज्यों के सरकारी, केन्द्रीय व निजी विश्वविद्यालय की लगभग 50 टीमें भाग ले रही है। जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ.नरेन्द्र कुमार शर्मा के ने बताया कि कोटा की दृष्टि से नवीन खेल विद्या टारगेट बाल अखिल भारतीय प्रतियोगिता के आयोजन से युवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभागिता का सुअवसर प्राप्त हो सकेगा।

# ओ.सी.डी. नामक मानसिक रोग के विषय पर जागरुकता वर्कशॉप आयोजित

**कोटा,** (निसं)। ओ.सी.डी. नामक मानसिक रोग के विषय में जागृति पैदा करने के लिए अफिनिटी हॉस्पिटल, तलवंडी चौराहा, कोटा द्वारा रविवार को एक मोटिवेशनल वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें हाड़ौती संभाग के मरीज, उनके परिजन, आमजन व अस्पताल स्टॉफ मौजूद रहे। वर्कशॉप के दौरान सभी को मानसिक विकार ओ.सी.डी. के बारे में जानकारी दी गई, जिसमें इसके लक्षण, निदान, उपचार, साथ ही लोगों में व्याप्त ओ.सी.डी. से जुड़ी गलतफहमियों और तथ्यों आदि के बारे में विस्तार से बताया गया।

डॉ.नीना विजयवर्गीय, मनोचिकित्सक एवं काउंसलर, एमबीबीएस, डीपीएम (साइकेट्री), एमआईपीएस, ने बताया कि ऑब्सेशंस हमारी सामान्य मानसिक क्रिया में दखल देने वाले और परेशान करने वाले मानसिक छवियां या विचार होते हैं, जो बार-बार दोहराते रहते हैं; कंपल्शंस वे व्यवहार हैं जिनको ऑब्सेशन्स के जवाब के रूप में व्यक्ति करता है। इनमें कुछ व्यवहार जैसे हाथ धोना, गिनती करना आदि दोहराए जाते हैं। अनुमान है कि 100 में से 1 वयस्क को ओसीडी होता है। भारत में इस बीमारी की शुरूआत की औसत आयु 25 से 30 वर्ष है। यह विकार उच्च सामाजिक स्तर और उच्च बुद्धि वाले व्यक्तियों और रचनात्मक (क्रिएटिव) लोगों में आम है। इसके लक्षणों में दूषित या गंदा हो जाने की भावना, असुरक्षा का संदेह या शक होना, परेशान एवं दखल देने वाले विचार जो आमतौर पर यौन या आक्रामक प्रकृति की होते हैं, चीजों को जमा करना, चीजों को समरूपता में जमाना या क्रम में रखना आदि शामिल हैं। इसके कारणों में आनुवांशिकी, जैविक कारक, तनावपूर्ण जैविक घटनाएं या अन्य मानसिक विकार जैसे डिप्रेशन, एंजाइटी आदि शामिल हैं। इसके उपचार के लिए दवाईयां, काउंसलिंग, ग्रुप थैरेपी, जीवनशैली में बदलाव, सीबीटी आदि उपयोग किए जाते हैं। इसके साथ ही अफिनिटी हॉस्पिटल में मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक रोगों के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए विशेषज्ञों की टीम निरंतर लोगों को मोटिवेट कर रही है। वर्तमान परिवेश में बढ़ते तनाव को कम करने, जिंदगी को खुशनुमा बनाने आदि के टिप्स भी कार्यशाला के दौरान दिए गए। कार्यशाला में सभी वर्गों के लोग उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### हिन्दू नववर्ष 2082 के स्वागत की तैयारी शुरू

**कोटा,** (निसं)। हिन्दू नववर्ष विक्रम संवत 2082 का शुभारम्भ, चैत्र शुक्ला एकम दिनांक 30 मार्च रविवार से हो रहा है। इस अवसर पर हिन्दू नववर्ष आयोजन समिति के तत्वाधान में, हिन्दू नववर्ष शोभा यात्रा एवं हिन्दू नववर्ष स्वदेशी मेला, कोटा महानगर की भव्य भगवा सज्जा और कोटा महानगर में बहुअयामी आयोजनों की तैयारी हेतु 4 मार्च मंगलवार को सायं 5 बजे माहेश्वरी भवन, झालावाड़ रोड़, एयरोड्रम के सामने, कोटा में तैयारी बैठक रखी गई है। जिसमें आयोजन समिति की सभी व्यवस्थाओं से जुड़े कार्यकर्ता एवं सभी उप समितियों एवं कोटा महानगर के सभी 12 नगरों की समितियों की संयुक्त तैयारी बैठक समिति के वरिष्ठ नेतृत्व एवं पदाधिकारियों के सानिध्य में होगी। हिन्दू नववर्ष पर, वर्ष प्रतिपदा एकम यथा 30 मार्च को दशहरा मैदान से हजारों महिलाओं के मंगल कलश सहित विशाल हिन्दू नववर्ष शोभायात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिसमें महापुरषों की झांकियां, भगवा साफे के साथ युवा, लोक कलाओं का प्रदर्शन, भजन मंडलियों, ढ़ोल नंगाड़ों आदि होंगे। जिसका समापन श्रीनाथ पुरम स्टेडियम में होगा। शोभा यात्रा के पश्चात् धर्म सभा भी होगी। वहीं 28 मार्च को स्वदेशी हिन्दू मेला का आयोजन सेवन वंडर्स पार्क में आयोजित किया जायेगा। जिसमें विविध वस्तुओं की स्टालें सहित अनकानेक भव्य आकर्षण होंगे। उपरोक्त संदर्भ में 4 मार्च मंगलवार को सायं 5 बजे तैयारी बैठक में, हिन्दू नववर्ष आयोजन से जुड़े सभी कार्यकर्ता आमंत्रित किये गये हैं।

### एसडीपी डोनेट की

**कोटा,** (निसं)। कोटा में एसडीपी को लेकर जनजागृति तेजी से आई है और सेवाभावी लोगों की एक बड़ी टीम तैयार हुई है। टीम जीवनदाता के संरक्षक व संयोजक भुवनेश गुप्ता ने बताया कि मरीज के दर्द परेशानी को समझकर सेवा करने वालों के कारण ही लोगों को नया जीवन मिल रहा है। निजी अस्पताल में भर्ती मरीज गंगा बाई की तबीयत खराब थी, उनका ऑपरेशन किया जाना था लेकिन उनके भतीजे को कहीं भी ए पॉजीटिव एसडीपी नहीं मिल रही थी, ऐसे में शहर के कई स्थानों पर लगे बैनर पर टीम जीवनदाता का नम्बर मिला और वहां से भुवनेश गुप्ता को कॉल किया तो उनका कार्य सहज हो गया और शीघ्र ही एसडीपी की गई। एसडीपी के लिए हितेश मलकानी का कॉल किया तो वह दुकान पर थे, लेकिन उनके सेवा के इस कार्य को सभी जानते हैं तो मालिक ने भी सहजता से उन्हें किसी के जीवन को बचाने के भेजा और हितेश मलकानी ने अपना ब्लड सेंटर पहुंचकर एसडीपी डोनेट की। वह कई बार ब्लड डोनेशन भी कर चुके हैं। शीघ्र ही हितेश मलकानी ने एसडीपी की तो मरीज के परिजन बोले मलकानी का मन बेहद ही सरल है। परिजन उनके इस स्वभाव से अभिभूत नजर आए।हितेश ने 61वी बार एसडीपी डोनेट की है जबकि ब्लड डोनेशन 90 बार कर चुके हैं। हितेश ने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि वे इस मानव सेवा के कार्य के लिए हमेशा तत्पर व उपलब्ध रहेंगे।

### वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, एक की मौत

**कोटा,** (निसं)। कैथून थाना इलाके में अज्ञात वाहन ने बाईक सवार दो जनों को पीछे से टक्कर मारी हादसे मे बाईक सवार एक युवक की मौत हो गई एवं एक युवक गंभीर रूप से घायल है जिसका उपचार कोटा के निजी अस्पताल मे चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बाईक सवार दोनों युवक कोटा में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिये आये थे। वापस जाते समय कैथून इलाके में अज्ञात वाहन चालक ने बाईक सवार को टक्कर मार दी। कैथुन पुलिस ने बताया कि खेड़ारसूलपुर निवासी आकाश और दीपक दोनों बाईक से कोटा में शादी समारोह में आये थे। वापस कोटा से गांव की ओर जाते समय कैथून इलाके के खेड़ारसूलपुर चौराहे के समीप अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन को चलाते हुए पीछे से बाईक सवार को टक्कर मार दी। पुलिस ने बताया कि सूचना पर मौके पर पहुंचे तो हादसे में बाईक सवार दो जने घायल हुए थे जिन्हे लोगों ने उपचार के लिये निजी चिकित्सालय पहुंचाया जहां डॉक्टर ने दीपक को मृत घोषित कर दिया।

### 115 ग्राम स्मैकके साथ दो युवक गिरफ्तार

**छबड़ा** (निसं)। पाली पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए हिंगलोट के निकट घाटी के पास बाईक सवार दो युवको से 115 ग्राम स्मैक बरामद कर गिरफ्तार कर लिया। साथ हीएक बाईक को भी जब्त किया गया हैं। पाली थानाधिकारी विशणुप्रसाद पंकज ने बताया कि पाली पुलिस टीम द्वारा हिंगलोट के आगे घाटी के पास नाकाबंदी के दौरान षनिवार को एक मोटरसाईकिल स्प्लेण्डर प्लस को रोककर बाईक सवार युवक छीपाबड़ौद थाना क्षेत्र के सीनलखेड़ी निवासी इमदाद खान उर्फ बिट्टू (25) पुत्र नूर अली के कब्जे से 64 ग्राम स्मैक व दूसरे युवक छबड़ा थाना क्षेत्र के बटावदा निवासी जयसिंह मीणा के कब्जे से 51 ग्राम स्मैक बरामद कर एनडीपीएस एक्ट के तहत दोनो युवको को गिरफ्तार कर लिया गया हैं। मामले की जांच छबड़ा सीआई राजेष खटाना द्वारा की जा रही हैं। आरोपियों से स्मैक की खरीद फरोख्त के संबंध में जानकारी जुटाने में प्रयास कर रही हैं।

### आज शाम व कल सुबह होने वाली जल सप्लाई बाधित रहेगी

**रामगंजमंडी,**(निसं)। रामगंजमण्डी परियोजना के राणाप्रताप सागर बांध स्थित जल स्त्रोत आम्बाकुई इन्टेक वेल से एकलिंगपुरा फ़िल्टर प्लांट से आ रही 500 एमएम डीआई पाईपलाईन आम्बा कुई के पास दो स्थानों पर लीकेज हो गई है।जिसमे अत्यधिक पानी का रिसाव हो रहा है। उक्त पाईप लाईन को बंद कर रिपेयर करना अति-आवश्यक है साथ ही एकलिंगपुरा घाटा स्थित फ़िल्टर प्लांट भूतल जलाशय पर फ्लो-मीटर लगाने व 600 एमएम वॉल्व को रिपेयरिंग करने का कार्य भी किया जाना है।उक्त कार्य करने हेतु 03 मार्च सोमवार को शट डाउन लिया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए बलभद्र शर्मा सहायक अभियंता (ग्रामीण) पीएचईडी रामगंजमण्डी ने बताया कि जिसके कारण 03 मार्च सोमवार शाम व 04 मार्च मंगलवार को प्रातः होने वाली जल सप्लाई रामगंजमंडी सातलखेड़ी खैराबाद चेचट मोडक स्टेशन व मोडक गांव सहित परियोजना से जुड़े ग्रामीण क्षेत्र में जलापूर्ति बाधित रहेगी।

# 'महाकुंभ में स्नान करने वाले देश में मतदान करने वालों से ज्यादा, फिर भी विपक्षी नेता अपमानजनक कह रहे हैं'

■ भाजपा सांसद व राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने महाकुंभ पर विपक्षी नेताओं के दिए बयान को लेकर निशाना साधा

**कोटा,** (निसं)। राज्यसभा सांसद और भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी रविवार को कोटा दौरे पर रहे। वे दिनभर में कई कार्यक्रम में व्याख्यान देते रहे। इसी क्रम में करियर प्वाइंट के ऑडिटोरियम में भारतीय जनता पार्टी के विचार संगम कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस दौरान महाकुंभ के विषय पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि 66 करोड़ लोगों ने महाकुंभ 2025 में स्नान किया है। जबकि भारत में लोकसभा चुनाव में 64 करोड़ लोगों ने मतदान किया था। महाकुंभ का पर्व संपन्न हुआ है यह मनुष्य जाति के इतिहास का सबसे बड़ा जन-समागम था। भारतीयता, धार्मिकता, संस्कृति की विराटता और वैज्ञानिकता का प्रमाण था। यह अफसोस की बात है कि इंडी गठबंधन के तमाम नेताओं ने अपमानजनक शब्द कहे। चाहे कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा हो कि गंगा जल में डूबकी लगाने से क्या होगा। लालू प्रसाद यादव ने फालतू का बोला। सीएम ममता बनर्जी ने मृत कुंभ बोला है। देश की जनता सब समझती है। इन सभी नेताओं के मन में भारतीय संस्कृति और हिंदू धर्म के प्रति हिकारत का भाव है जबकि अयोध्या में पूरी तरह से समरसता थी। वहां पर कौन सा घाट किस जाति के लिए था यह तय नहीं है। जबकि महाकुंभ के बारे में यह सारी बातें प्रेरित हैं क्योंकि इन्हीं के गठबंधन के सहयोगी सनातन के समूल नाश की बात कह चुके हैं।

सुधांशु त्रिवेदी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि वे रायबरेली गए थे लेकिन 100 किलोमीटर दूर महाकुंभ में नहीं गए। साथ ही उन्होंने कहा कि 2019 में इसी तरह से वह अयोध्या में हनुमानगढ़ी गए थे लेकिन रामलला के दर्शन करने नहीं गए। कोटा के कोचिंग छात्रों की आत्महत्या के संबंध में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस संबंध में हर संभव व्यवस्था कर रही है। कानून की आवश्यकता होगी तो वह भी हमारी सरकार करेगी। मैं युवाओं से कहना चाहता हूं कि किसी भी तरह की कोई तकलीफ या समस्या से हार मानना ठीक नहीं है। भारतीय जनता पार्टी ने लोगों को सशक्त करने का काम किया है। प्रधानमंत्री ने मुद्रा, स्टार्टअप योजना और किसानों को सम्मान निधि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को डेवलप कर समग्र विकास का आधार बनाया है। जबकि पूर्ववर्ती सरकारों ने पैसा देकर काम चला लो का काम किया है।

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में यह तय नहीं है कि अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन बनेगा या फिर साल 2047 में कौन राष्ट्रीय अध्यक्ष होगा। जबकि शेष अन्य पार्टियां जैसे कांग्रेस, बसपा, सपा और तृणमूल कांग्रेस तक में यह तय है कि जो अभी के नेता हैं उन्हीं के परिवार से कोई नेता आगे बढ़ेगा। उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 की बात करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कुछ सीटें कम रह गईं थीं लेकिन एनडीए की सरकार बनी थी। जबकि कांग्रेस 99 सीट लाकर भी खुश थी। इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि चुनाव हारने के बाद भी कांग्रेस के कार्यालय में ढोल-नगाड़े बजे थे। इसके बाद इंडी गठबंधन के सभी दल छिटक गए हैं।

राज्यसभा सांसद त्रिवेदी ने कहा कि भाजपा ने सैद्धांतिक विचारों में कोई बदलाव नहीं किया। रीति-नीति और जो मुद्दे थे उन्हें लगातार अजय-अमर रखा और उन्हें पूरा करने का भरसक प्रयास किया। जबकि राहुल गांधी ने 2014 में हिंदी में शपथ ली। अपने आपको यंग दिखाने का प्रयास किया था। इसके बाद 2019 में पुष्कर गए और अपना गोत्र बताया और कुर्ते के ऊपर जनेऊ पहनी। जबकि 2024 में अंग्रेजी में शपथ ली। इन्होंने अपने कैरेक्टर में लगातार बदलाव किया है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 19वीं सदी अंग्रेजों की थी जबकि 20वीं सदी कांग्रेस और 21वीं सदी भारतीय जनता पार्टी की है। कार्यक्रम में मंच पर एमएलए संदीप शर्मा, रेडक्रॉस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश बिरला, जिला अध्यक्ष राकेश जैन, नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी व पूर्व महापौर महेश विजय मौजूद थे।



कोटा पहुंचने पर भाजपा के द्वारा सांसद सुधांशु त्रिवेदी का अभिनंदन किया गया।

